# कश्मीर का जादुई कालीन

[स्रोत: द हिंदू](#)

## चर्चा में क्यों?

**श्रीनगर में प्रसिद्ध हजरतबल दरगाह,** कश्मीर में बुने गए अब तक के **सबसे बड़े कालीन** की धुलाई और कतरन के दुर्लभ दृश्य स्थानीय लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

## कश्मीर का जादुई कालीन क्या है?

- **परिचय:**
  - **काशान शैली में बना कश्मीर का जादुई कालीन एक जटिल चमत्कार है,** इस कालीन की लंबाई 72 फीट, चौड़ाई 40 फीट है और वजन 1,685 किलोग्राम है तथा **इसमें तीन करोड़ से अधिक गाँठें हैं।**
  - कारीगरों को अपनी प्राचीन कला की ओर लौटने और वर्ष 2014 में बाढ़, वर्ष 2019 में **जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का निरसन** तथा **कोविड-19 महामारी** जैसी कई बाधाओं के साथ इसे बुनने में **आठ वर्ष** लग गए।
    - इस विशाल कालीन को खोलने के लिये कम-से-कम 30 लोगों की आवश्यकता होती है।
    - 30-35 पेशेवर वॉशरों की एक समर्पित टीम दैनिक आधार पर इसकी देखभाल करती है।
    - इससे **मध्य-पूर्व** में एक महल को सुशोभित किये जाने की संभावना है।
  - कश्मीरी कारीगर पहली बार अपने पुराने **ईरानी प्रतिद्वंद्वी** के विरुद्ध प्रतिस्पर्द्धा कर रहे हैं, जिन्होंने 60,468 वर्ग फुट में एक फुटबॉल मैदान के आकार का कालीन तैयार किया है।
- **काशान शैली:**
  - इस कालीन में **काशान शैली** का अनुसरण किया गया है, जो **ईरानी शहर काशान** से लिया गया एक ऐतिहासिक डिज़ाइन है।
  - **फारस (आधुनिक ईरान)** के ऐतिहासिक शहर **काशान की सिरेमिक कला** की काशान शैली ने सदियों से कला प्रेमियों को आकर्षित किया है।
  - अपने उत्कृष्ट निष्पादन और जटिल पैटर्न के लिये जाना जाने वाला, काशान वेयर परंपरा, नवीनता और कलात्मक उत्कृष्टता के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण का प्रतिनिधित्व करता है।
- **ऐतिहासिक संदर्भ:**
  - **ज़ैन-उल-आबदीन की विरासत:** कालीन शिल्प की शुरुआत **15वीं शताब्दी में** तब हुई, जब बादशाह **ज़ैन-उल-आबदीन ने** फारस और मध्य एशिया के कारीगरों को कश्मीर में बसने के लिये आमंत्रित किया था।
  - **शॉल से कालीन तक:** प्रारंभ में उत्तम **पश्मीना शॉल** की बुनाई पर अधिक ध्यान दिया गया। हालाँकि **यूरोप में जेकक्वार्ड करघे** (**Jacquard Looms**) के कारण मांग में गिरावट होने लगी, जिसके परिणामस्वरूप कारीगरों ने अपने कौशल को **कालीन बुनाई** में हस्तांतरित कर दिया।
  - **ब्रिटिश मान्यता:** वर्ष 1851 की ग्रेट लंदन प्रदर्शनी में प्रदर्शित होने के बाद कश्मीरी कालीनों को वैश्विक प्रशंसा मिली।
  - **पुरस्कार और विशिष्टता:** ये कालीन 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में शिकागो, पेरिस और लंदन में आयोजित प्रदर्शनियों में अपनी चमक बिखेरते रहे।
  - **बुनाई के रहस्य:** सीक्रेट ब्लूप्रिंट, जिसे **तालीम (Talim)** के नाम से जाना जाता है, प्राचीन तकनीकों को संरक्षित करते हुए पीढ़ी-दर-पीढ़ी कारीगरों का मार्गदर्शन करता है।



## कश्मीर के कालीन बुनकरों को सशक्त बनाने हेतु सरकारी पहलें:

- **PMKVY 3.0 के तहत नमदा शिल्प का पुनरुद्धार:**
  - **उद्देश्य**: [कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE)] ने **कश्मीर के पारंपरिक नमदा शिल्प** को पुनर्जीवित करने के लिये [प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY)] के तहत एक विशेष पायलट परियोजना शुरू की।
  - **नमदा शिल्प: [नमदा]** सामान्य बुनाई प्रक्रिया के बजाय **फेल्टिंग (Felting) तकनीक का उपयोग करके भेड़ के ऊन से निर्मित एक अनोखा गलीचा (Rug) है।**
- **कारीगरों और बुनकरों के लिये** [पूर्व शिक्षा की मान्यता] **(RPL):**
  - PMKVY का RPL घटक कारीगरों और बुनकरों के कौशल को संवर्द्धित करने पर केंद्रित है।
  - इस पहल का लक्ष्य जम्मू-कश्मीर में 10,900 कारीगरों और बुनकरों को कुशल बनाना है।
  - RPL मूल्यांकन और प्रमाणन के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि करते हुए यह परियोजना कश्मीर में वर्षों से चली आ रही बुनाई की परंपरा की निरंतरता सुनिश्चित करती है।
- **कश्मीरी कालीनों के लिये भौगोलिक संकेतक (GI) टैग:**
  - **भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री**: जम्मू-कश्मीर सरकार ने **प्रसिद्ध कश्मीरी कालीन** के लिये एक भौगोलिक संकेत (GI) रजिस्ट्री की शुरू की है।
  - **क्यूआर कोड**: प्रत्येक GI-टैग वाले कालीन अब एक क्यूआर(QR) कोड के साथ आता है, जो कारीगरों और प्रयोग की गई सामग्रियों का विवरण प्रदान करता है।
  - **निर्यात**: GI-टैग वाले कालीन की पहली खेप का निर्यात जर्मनी को किया गया, जो इस शिल्प को जीवित रखने और इसका प्रचार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**?????????:**

**प्रश्न. निम्नलिखित में से किसको/किनको 'भौगोलिक सूचना (जिओग्राफिकल इंडिकेशन)' की स्थिति प्रदान की गई है? (2015)**

1. बनारसी जरी और साड़ियाँ
2. राजस्थानी दाल-बाटी-चूरमा
3. तिरुपति लड्डू

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2009)**

**परंपरा** **राज्य**

1. गटका, एक पारंपरिक मार्शल आर्ट - केरल
2. मधुबनी, एक पारंपरिक चित्रकला - बिहार
3. सिंघे खाबाब्स: सिंधुदर्शन महोत्सव - जम्मू-कश्मीर

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kashmir-s-magic-carpet